INDIA OPTEL LIMITED
SOLDIER'S EYE

संजीव कुमार, आई.ओ.एफ.एस.
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
**Sanjiv Kumar, I.O.F.S.**
**Chairman and Managing Director**
दूरभाष संख्या / Phone No. 0135-2780427(O)
फैक्स संख्या / Fax No. 0135-2787305
E-mail : sanjivkumar@ord.gov.in

इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड
भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय
(ओफिल, कैंपस) रायपुर, देहरादून–248008
उत्तराखंड
India Optel Limited
A Govt. of India Enterprise, Ministry of Defence
(OFIL, Campus) Raipur, Dehradun-248008
Uttrakhand

# अध्यक्ष का संदेश

प्यारे साथियों,

जैसा कि विदित है कि आईओएल ने अपनी स्थापना के बाद से अपनी व्यवसायिक गतिविधियों का पहला वर्ष पूरा कर लिया है और मुझे इस यात्रा के दौरान आपके साथ हुए सार्थक जुड़ाव और विकास को साझा करते हुए बहुत खुशी और गर्व की अनुभूति हो रही है। आज, जब हम आईओएल के प्रदर्शन के बारे में तथ्यों और आंकड़ों को देखते हैं तो सभी प्रकार की तथाकथित आशंकाओं और निराशाओं पर विराम लग जाता है।

वित्त वर्ष 2021-22 के प्रथम 6 माह में निर्गम मूल्य ₹121.32 करोड़ था जो कि अगले 6 माह अर्थात निगमीकरण के बाद ₹565.80 करोड़ पहुंच गया है। उत्पादन में यह कई गुना वृद्धि आईओएल के सभी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, त्याग और कड़ी मेहनत के बिना संभव नहीं थी। एक कॉर्पोरेट इकाई के रूप में हमारे अस्तित्व के पहले वित्तीय वर्ष में हम ₹60 करोड़ के लाभ का आंकड़ा हासिल करने में सफल रहे हैं। इस तरह के आंकड़े जहां निश्चित रूप से हमारे मनोबल को बढ़ाते हैं वहीं भविष्य के प्रति अधिक जिम्मेदार और सुरक्षित भी महसूस कराते हैं।

अगले पांच वर्षों के लिए एक आश्वासित करने वाली **₹8000 करोड़** की सुनिश्चित आर्डर बुक एवं निगमीकरण के बाद से ₹315 करोड़ के कार्यभार के साथ हम सभी अपार संभावनाओं से भरे भविष्य के विकास के शिखर पर हैं। डी.आर.डी.ओ., आई.आई.टी. और अन्य ओद्योगिक भागीदारों के सहयोग से निरंतर अनुसंधान करते हुए हमारे विकास की प्रगति उल्लेखनीय रही है। इसके अतिरिक्त निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए नवीनतम अत्याधुनिक मशीनों और संसाधनों की खरीद की जा रही है। डी.डी.पी. हमें पर्याप्त कैपेक्स फंड आबंटित करके इस प्रयास का समर्थन करने में बहुत उदार रहा है। टी-90 टैंक के लिये **एल.आर.एफ.** के साथ **कमांडर थर्मल इमेजर कम डे विजन** का उत्पादन शुरू कर दिया गया है। **बीएमपी-।।** के लिए **ड्राईवर नाइट साइट** का विकास, भारत में **थर्मल इमेजिंग** पर आधारित पहली **नाईट साईट** होगी जिसके लिये भारतीय सेना ने पहले ही 500 नग की खरीद शुरू कर दी है, जिसका मूल्य लगभग ₹200 करोड़ है। हम समर्पित कार्यबल के साथ अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के उत्पादन हेतु प्रतिबद्ध हैं।

**क्रमशः....2**

हमारे कर्मचारियों से सम्बंधित सभी मुद्दे जैसे वेतन, भत्ते, पीएलबी, कर्मचारियों की उत्पादकता एवं उनके कल्याण सम्बंधी सभी व्यवस्थाएं जो कि हमारे सबसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं, का पूर्णरूप से ध्यान रखा जा रहा है, जिससे कि हमारे कर्मचारी चिन्तामुक्त होकर कार्य कर सकें। हम अपने कर्मचारियों को पीस-वर्क आय, पीएलबी में नियमित वृद्धि हेतु प्रयत्नशील हैं। इसके अतिरिक्त, मानव संसाधन के उचित और प्रभावी उपयोग की दिशा में अपने कार्यबल का पुर्नगठन, उन्हें विविध-कौशल से युक्त करना एवं विशिष्ट कार्यो से जोडना रचनात्मक कदम हैं।

ये सभी प्रयास कार्यस्थल पर स्पष्ट परिवर्तन और प्रभाव के रूप में दृष्टिगोचर हो रहे हैं। **"संचार ही कुंजी है"** और **"आइडिया मैराथन"** ऐसी पहल हैं जो कर्मचारियों तक पहुंचने और सार्थक जुड़ाव हेतु उनकी बात सुनने के लिए शुरू की गई हैं।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि 01 अक्टूबर 2021 से ही हमने नई भूमिकाओं और चुनौतियां का सामना किया शुरू कर दिया था। बदली हुई परिस्थितियों में कार्पोरेट संस्था हेतु अनिवार्य नए संवैधानिक नियमों एवं अन्य अनुपालनों को अपनाया गया एवं इसी क्रम में नई एवं विशेष कौशल से युक्त कार्यबल (जैसे कम्पनी सचिव एवं वित्त सहायक इत्यादि) को शामिल कर इस दिशा में कार्यान्वन शुरू कर दिया गया है । प्रत्येक छोटे छोटे एवं अर्थपूर्ण कदमों के साथ हमने अपनी शुरूआती दिक्कतों से पार पा लिया है। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि हर चुनौती की घड़ी में हमने **"Team IOL"** के रूप में खुद को बनाए रखा और हर बाधा को सफलतापूर्वक पार किया और आज हम एक समर्पित उत्पादन इकाई के रूप में **"Soldier's Eye"** बनने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

प्रिय साथियों, **ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार व्यवसाय में एक विश्व स्तरीय उद्यम** बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु हमारी यात्रा सही दिशा की ओर अग्रसर है। उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करते हुए हमें गति को आगे बढ़ाने के लिए अब सभी मोर्चों पर कमर कसनी होगी क्योंकि हम रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता और आत्मनिर्भरता की ओर प्रयासरत हैं।

आइए, आईओएल की नियति को एक आकार देने के लिए हम सब एक तय रोड-मैप पर अर्थपूर्ण सटीकता और समर्पण के साथ आगे बढ़ें।

जय हिन्द।

दिनांक : 30/09/2022

(संजीव कुमार)